बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 – 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–83/2020 1187 पटना, दिनांक :– 04/03/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका के पत्रांक 911 दिनांक 24.07.2023 द्वारा श्री शशि कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02581) के विरूद्ध मो0 शमशाद आलम, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के कृत में सहभागिता रहने के फलस्वरूप अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 8645 दिनांक 25.10.2023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में पुनः पत्रांक 182 दिनांक 11.01.2024 द्वारा संविदा समाप्ति के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गयी। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। साथ ही निदेशालय द्वारा मांगे गये मंतव्य के आलोक में बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका द्वारा अनुशंसा सहित मंतव्य भेजा गया है। बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा अपने मंतव्य यह उल्लेख किया है कि श्री कुमार के विरूद्ध पूर्व में रैयतों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस आलोक में चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त अनुशंसा एवं मंतव्य तथा श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका से प्राप्त मंतव्य एवं किए गए अनुरोध के आलोक में श्री शशि कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02581) को चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

(जय सिंह) 4/3/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–83/2020 1187 **पटना, दिनांक** :– 04/03/2024

प्रतिलिपि :– श्री शशि कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02581), बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–83/2020 1187 **पटना, दिनांक** :– 04/03/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–83/2020 1187 **पटना, दिनांक** :– 04/03/2024

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एंव R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
4/3/24